न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट, धोद जिला – सीकर

हीरा राम .... बनाम .... तहसीलदार धोद

किस्म मुकदमा .... अन्य धारा 136 एल आर .... मु.नं. 423 वर्ष 2025

दिनांक	आज्ञा - पत्र
29/9/25	प्रार्थी हीरा राम पुत्र पन्ना राम जाति जाट निवासी ग्राम भुंवाला तहसील धोद जिला सीकर द्वारा प्रस्तुत आवेदन बाबत राजस्व रिकार्ड में दुरूस्ती के अनुसार ग्राम भुंवाला पटवार हल्का भुंवाला तहसील धोद जिला सीकर के खाता सं. 250, 121, 21 व 24 (नया) के वर्तमान राजस्व रिकॉर्ड जमाबंदियों में प्रार्थी का नाम हीरालाल पुत्र पन्ना/हीरालाल पुत्र पन्नाराम दर्ज है, जो कि गलत है। जबकि प्रार्थी का सही नाम हीरा राम पुत्र पन्ना राम है। प्रार्थी के दस्तावेजात की प्रस्तुत प्रतियों में प्रार्थी का सही नाम हीरा राम पुत्र पन्ना राम दर्ज है। अतः उक्त वर्णित वर्तमान राजस्व रिकॉर्ड जमाबंदियों में प्रार्थी का नाम हीरालाल पुत्र पन्ना/हीरालाल पुत्र पन्नाराम के स्थान पर हीरा राम पुत्र पन्ना राम दुरूस्त किया जावें। प्रकरण में प्रार्थी के नाम की प्रविष्टि के संबंध में तहसीलदार, धोद के पत्रांकः भू.अ./2025/1177 दिनांक 03.07.2025 के द्वारा दुरूस्ती संबंधी रिपोर्ट मय संलग्न दस्तावेजात प्राप्त हुई। उक्त का अवलोकन किया। उक्त रिपोर्ट मुताबिक प्रार्थी के अनुतोष के अनुसार सही है। प्रार्थना–पत्र अ.धा. 136 एल आर एक्ट के तहत दर्ज रजिस्टर किया जावें। अतः प्रार्थी का आवेदन तहसीलदार, धोद की रिपोर्ट के आधार पर स्वीकार किया जाकर ग्राम भुंवाला पटवार हल्का भुंवाला तहसील धोद जिला सीकर के खाता सं. 250, 121, 21 व 24 (नया) के वर्तमान राजस्व रिकॉर्ड जमाबंदियों में प्रार्थी का नाम हीरालाल पुत्र पन्ना/हीरालाल पुत्र पन्नाराम के स्थान पर हीरा राम पुत्र पन्ना राम दुरूस्त किये जाने के आदेश दिये जाते है। पूर्व की प्रविष्टि से किसी तरह की सरकारी, गैर सरकारी बकाया एवं उत्तरदायित्व हो तो उसके निर्वहन एवं अदायगी के लिए संबंधित खातेदार/प्रार्थी स्वयं जिम्मेदार होंगें। तहसीलदार, धोद के पत्रांकः भू.अ./2025/1177 दिनांक 03.07.2025 के द्वारा प्राप्त दुरूस्ती संबंधी रिपोर्ट मय संलग्न दस्तावेजात निर्णय का अभिन्न अंग रहेगी। पालनार्थ तहसीलदार, धोद को लिखा जावे। आदेश सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। उपखण्ड अधिकारी धोद जिला सीकर

उपखण्ड अधिकारी धोद जिला-सीकर (राज.)

Signature Not Verified

Digitally signed by Rahul Kumar Malhotra
Date: 2025.10.08 16:18:20 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with OKEN Scanner